नबी (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम)

की

दुआएँ

संग्रहकर्ता

मुहम्मद फ़ारूक़ ख़ाँ

अनुवादक

मुहम्मद शमशाद ख़ाँ

विषय-सूची

प्रस्तावना	11
अल्लाह के पाक नाम से	21
इस्लामी ज़िन्दगी की तलब	22
इल्म की तलब	24
सुबह व शाम की दुआएँ	25
रात में सोते वक़्त	31
रात में आँख खुलने पर	34
सोकर उठने पर	34
इबादतों के मौक़ों पर	37
गुस्ल, वुज़ू और तयम्मुम की दुआ	37
गुस्ल, वुज़ू और तयम्मुम करने के बाद की दुआ	37
मसजिद की तरफ़ रुख़ करते वक़्त	38
अज़ान सुनकर	39
नमाज़ में तशहहुद और दुरूद के बाद	40
सलाम फेरने के बाद	42
क़ुनूते नाज़िला	53
फ़ज्र की सुन्नत के बाद	54
ग़रिब की नमाज़ के बाद	54

तहज्जुद की दुआ 55
हज की दुआँए 58
हज के दौरान उठते-बैठते, चलते-फिरते 58
काबा को देखकर 58
ज़मज़म का पानी पीने के आदाब 59
सई के मौक़े पर 60
अरफ़ात में ठहरने पर 61
हज या उमरा से वापसी पर रास्ते में 61
क़ुरबानी की दुआ 62
ज़िब्ह (ज़बह) के बाद 63
इफ़्तार की दुआ 64
दुरूद शरीफ़ 64
हाजत और ज़रूरत की नमाज़ 66
नमाज़े इसतिख़ारा 67
जिहाद के मौक़े पर 69
हक़ की दावत देनेवाले की दुआएँ 70
ज़िन्दगी के मुख़्तलिफ़ मौक़ों पर 75
सलाम 75
मुसाफ़हा (हाथ मिलाने) के वक़्त 75
छींक आने पर 76
मजलिस की दुआ 77
हदिया (तोहफ़ा) देनेवाले को दुआ 77
निकाह के लिए इसतिख़ारा 77

निकाह का खुतबा 79
दुल्हा-दुल्हन के लिए दुआ 82
बीवी के पास जाने पर 82
अक़ीक़े की दुआ 83
आसमान की तरफ़ निगाह करते वक़्त 84
बिजली की कड़क और गरज के मौक़े पर 85
आँधी आने पर 86
बारिश होने पर 87
नया चाँद देखने पर 87
आईना देखते वक़्त 88
बाज़ार में दाख़िल होते वक़्त 88
पेशाब व पाख़ाना के लिए जाने से पहले 89
पेशाब-पाख़ाने से फ़ारिग़ होने के बाद 89
कपड़ा पहनते वक़्त 90
खाना जब क़रीब लाया जाए 91
खाना-पीना शुरू करते वक़्त 92
खाने से फ़ारिग़ होकर 92
दूध पीने पर 94
खिलानेवाले को दुआ 94
सफ़र की दुआ 95
रूख़सत करते वक़्त 96
सवार होने पर 96
घर से बाहर निकलते वक़्त 98

मंज़िल पर उतरने पर 9
आबादी को देखकर 10
सफ़र से लौटने पर 10
बीमारी और मौत 10
ग़म और फ़िक्र के मौक़े पर 10
दुखी व्यक्ति को देखकर 10
बीमार का हाल पूछते वक़्त 10
मौत की तकलीफ़ के वक़्त 10
जनाज़े की नमाज़ 10
मय्यत को क़ब्र में रखते वक़्त 10
दफ़न के वक़्त 10
क़ब्रों की ज़ियारत के मौक़े पर 11
जामेअ़ दुआएँ 11
पनाह माँगने की दुआएँ 12
मग़फ़िरत की दुआएँ 13
सय्यिदुल इसतिग़फ़ार 13
तसबीह व तहमीद 13

वर्णानुक्रम-सूची

अक़ीक़े की दुआ	83
अज़ान सुनकर	39
अरफ़ात में ठहरने पर	61
अल्लाह के पाक नाम से	21
आँधी आने पर	86
आईना देखते वक़्त	88
आबादी को देखकर	100
आसमान की तरफ़ निगाह करते वक़्त	84
इफ़्तार की दुआ	64
इबादतों के मौक़ों पर	37
इल्म की तलब	24
इसलामी ज़िन्दगी की तलब	22
कपड़ा पहनते वक़्त	90
क़ब्रों की ज़ियारत के मौक़े पर	110
काबा को देखकर	58
क़ुनूते नाज़िला	53
क़ुरबानी की दुआ	62
खाना जब क़रीब लाया जाए	91

खाना-पीना शुरू करते वक़्त	92
खाने से फ़ारिग़ होकर	92
खिलानेवाले को दुआ	94
ग़म और फ़िक्र के मौक़े पर	102
ग़ुस्ल, वुज़ू और तयम्मुम की दुआ	37
ग़ुस्ल, वुज़ू और तयम्मुम करने के बाद की दुआ	37
घर से बाहर निकलते वक़्त	98
छींक आने पर	76
जनाज़े की नमाज़	107
ज़मज़म का पानी पीने के आदाब	59
जामेअ़ दुआएँ	111
ज़िन्दगी के मुख़्तलिफ़ मौक़ों पर	75
ज़िब्ह (ज़बह)के बाद	63
जिहाद के मौक़े पर	69
तसबीह व तहमीद	139
तहज्जुद की दुआ	55
दफ़न के वक़्त	109
दुखी व्यक्ति को देखकर	104
दुरूद शरीफ़	64
दुल्हा-दुल्हन के लिए	82
दूध पीने पर	94
नमाज़ में तशह्हुद और दुरूद के बाद	40
नमाज़े इस्तिख़ारा	67

नया चाँद देखने पर	87
निकाह का ख़ुतबा	79
निकाह के लिए इसतिख़ारा	77
पनाह माँगने की दुआएँ	125
पेशाब व पाख़ाना के लिए जाने से पहले	89
पेशाब-पाख़ाने से फ़ारिग़ होने के बाद	89
फ़ज्र की सुन्नत के बाद	54
बाज़ार में दाख़िल होते वक़्त	88
बारिश होने पर	87
बिजली की कड़क और गरज के मौक़े पर	85
बीमार का हाल पुछते वक़्त	104
बीमारी और मौत	102
बीवी के पास जाने पर	82
मंज़िल पर उतरने पर	99
मग़फ़िरत की दुआएँ	133
मग़रिब की नमाज़ के बाद	54
मजलिस की दुआ	77
मय्यत को क़ब्र में रखते वक़्त	109
मसजिद की तरफ़ रुख़ करते वक़्ते	38
मुसाफ़हा (हाथ मिलाने) के वक़्त	75
मौत की तकलीफ़ के वक़्त	106
रात में आँख खुलने पर	34
रात में सोते वक़्त	31

रुख़सत करते वक़्त 96
सई के मौक़े पर 60
सफ़र की दुआ 95
सफ़र से लौटने पर 101
सय्यिदुल इस्तिग़फ़ार 138
सलाम 75
सलाम फेरने के बाद 42
सवार होने पर 96
सुबह व शाम की दुआएँ 25
सोकर उठने पर 34
हक़ की दावत देनवाले की दुआएँ 70
हज की दुआएँ 58
हज के दौरान उठते-बैठते, चलते-फिरते 58
हज या उमरा से वापसी पर रास्ते में 61
हदिया देनेवाले को दुआ 77
हाजत और ज़रूरत की नमाज़ 66

'बिसमिल्लाहिर्रहमानिर्रहीम'

(अल्लाह के नाम से जो बड़ा कृपाशील, अत्यन्त दयावान है ।)

प्रस्तावना

इनसान सिर से पैर तक ख़ुदा का मुहताज है । यही मुहताजी उसकी अपनी पहचान और उसकी ख़ास सिफ़त भी है । इनसान को ख़ुदा ने बहुत कुछ दे रखा है । बहुत-सी इनायतें और मेहरबानियाँ उसपर हर वक़्त होती रहती हैं और बहुत कुछ इनसान को अपने रब से पाना बाक़ी भी रहता है । इनसान अपने वुजूद में भी ख़ुदा का मुहताज है और ज़िन्दगी के सफ़र में भी वह हमेशा इसका ज़रूरतमंद रहता है कि ख़ुदा की मदद उसके साथ रहे।

इस्लाम में दुआ को बुनियादी अहमियत दी गई है । हमारी दुआएँ इस एहसास को ज़िन्दा रखने में हमारी मददगार होती हैं कि हम ख़ुदा से बेपरवाह और बेनियाज़ नहीं हो सकते । हमारा ख़ुदा सुननेवाला, देखनेवाला और एक मेहरबान ख़ुदा है जो अपने बन्दों की हर क़िस्म की ज़रूरतों को पूरी कर सकता है । फिर हम उससे अपने लिए भलाई और ख़ैर की उम्मीद क्यों न रखें, उसे अपनी मुसीबतों में क्यों आवाज़ न दें और आराम व सुकून की हालत में हम उसके शुक्रगुज़ार क्यों न हों!

अपनी पुकार और अपनी दुआओं के ज़रिए से हम अपने रब से एक ऐसा रिश्ता और ताल्लुक़ क़ायम करते हैं जो कभी टूटेगा नहीं ।

ख़ुदा से बढ़कर किसी दूसरे से हमारा क़रीबी रिश्ता भी नहीं हो सकता। वह हमारा पैदा करनेवाला है, हम उसके पैदा किए हुए हैं। वह हमारा रब है हम उसके बन्दे हैं। वह हमारा हाकिम है, हम उसकी प्रजा हैं। इसलिए उसके आगे हाथ फैलाने में न कोई रुसवाई है और न यह हमारे लिए कोई ज़िल्लत की बात है। क्या हम अपने हाथ और बाज़ू काम में लाने में कोई शर्म महसूस करते हैं? हरगिज़ नहीं, ये हाथ और बाज़ू तो उसी के दिए हुए हैं। फिर ख़ुदा को शुऊरी तौर पर अपना हाजतरवा (ज़रूरत पूरी करनेवाला) बना लेने में और अपनी ज़रूरत पूरी कराने के लिए उससे दरख़्वास्त करने में झिझक से काम लेना बड़ी नादानी और नासमझी की बात होगी। उसकी चौखट का भिखारी बने रहने में ही हमारी इज़्ज़त और सम्मान है। उसे छोड़कर किसी और से उम्मीदें बाँधने और उसे अपना असल ज़रूरत पूरी करनेवाला और परेशानी दूर करनेवाला क़रार देने में ज़िन्दगी की रुसवाई भी है, और यह हमारी बेहिसी और नासमझी का खुला सुबूत भी होगा।

क़ुरआन मजीद में इरशाद हुआ है —

يَاَيُّهَا النَّاسُ اَنْتُمُ الْفُقَرَآءُ اِلَى اللّٰهِ ۚ وَاللّٰهُ هُوَ الْغَنِيُّ الْحَمِيْدُ ○ (فاطر : ۱۵)

"ऐ लोगो! तुम ही अल्लाह के मुहताज हो, अल्लाह तो ग़नी, तारीफ़ वाला है।" (क़ुरआन, 35 : 15)

दूसरी जगह इरशाद हुआ है —

اَمَّنْ يُّجِيْبُ الْمُضْطَرَّ اِذَا دَعَاهُ (النمل : ۶۲)

''(दूसरे बेहतर हैं) या वह (अल्लाह) जो बेक़रार की पुकार सुनता है जब वह उसे पुकारे?'' (क़ुरआन, 27 : 62)

कोई नहीं जो हक़ीक़त में बेचैन और परेशान हाल शख़्स की मदद कर सके । अल्लाह ही है जो अपने बन्दों की तकलीफ़ों को दूर करता है और मुसीबत में उनके काम आ सकता है ।

अल्लाह के सामने अपनी ज़रूरतें रखकर बन्दा हक़ीक़त में इसका सुबूत देता है कि वह अल्लाह ही को अपना आक़ा, फ़रमाँरवा और हाजतरवा तसलीम करता है और उसी से उसकी सारी उम्मीदें जुड़ी रहती हैं । और अल्लाह को यह बेहद महबूब और पसन्द है कि बन्दा उसी को पुकारे और हमेशा उससे ख़ैर का तालिब रहे । ख़ुदा को यह बात हरगिज़ पसन्द नहीं हो सकती और यह उसकी ग़ैरत के ख़िलाफ़ है कि उसका बन्दा ग़ैर से उम्मीदें लगाए और अपने रब से बेगाना बना रहे । ऐसी नासमझी और बेख़बरी उस इनसान को शोभा नहीं दे सकती जिसे ख़ुदा ने अक़्ल व समझ जैसी नेमत से नवाज़ा है । ख़ुदा की दी हुई अक़्ल व समझ से काम न लेना और जिहालत के अँधेरों में पड़े रहना एक ऐसा जुर्म है जिसे माफ़ नहीं किया जा सकता । अक़्ल व समझ से काम न लेकर इनसान ज़िन्दगी को उसके असल मानी व मक़सद से जुदा कर देता है । इसके नतीजे में वह एक ऐसे बड़े नुक़सान से दो-चार होता है जिसकी भरपाई किसी तरह मुमकिन नहीं ।

ख़ुदा से माँगना और उसके सामने अपनी ज़रूरतें ले जाना हक़ीक़त में अपनी इनतिहाई दर्जे की बन्दगी का इज़हार है । इनतिहाई बन्दगी के इज़हार के आईने में हम उस लतीफ़, लज़ीज़ व पुरकैफ़ (आनंददायक) तअल्लुक़ को नुमायाँ होते देख लेते हैं जो हमारे और

हमारे ख़ुदा के बीच पाया जाता है । यही वजह है कि दुआओं से हमारे ज़ौक़े जमालियात (सौंदर्यप्रियता का मज़ा लेने की प्रवृति) को भी सबसे बढ़कर तसकीन हासिल होती है । दुआ की बुनियादी क़द्र व क़ीमत और उसकी अहमियत के पेशे नज़र प्यारे नबी *(सल्ल०)* ने इरशाद फ़रमाया—

اَلدُّعَاءُ هُوَ الْعِبَادَةُ. ——— (ترمذی، احمد، ابوداؤد، ابن ماجہ)

''दुआ ही इबादत है ।'' (तिरमिज़ी, अहमद, अबू दाऊद, इब्ने माजा)

और आप *(सल्ल०)* ने फ़रमाया —

اَلدُّعَاءُ مُخُّ الْعِبَادَةِ. ——— (ترمذی)

''दुआ इबादत का मग़्ज़ (मूल तत्त्व) है ।'' (तिरमिज़ी)

दुआएँ अगर सिर्फ़ रस्मी न हों तो वे हमारे अच्छे फ़िक्र व नज़र की अलामत हैं । दुआएँ हमें ख़ुदा से क़रीब करती हैं । उनके ज़रिए से हमें ख़ुदा से मुनाजात (प्रार्थना) और हमकलामी (बातचीत) का सौभाग्य प्राप्त होता है, जो अपने आपमें एक बड़ी नेमत है । बन्दे की ज़रूरतें कई तरह की होती हैं । यह भी उसकी ज़रूरत है कि भूख में उसे खाना नसीब हो, बीमारी में उसे तन्दुरुस्ती मिले और यह भी उसकी ज़रूरत है कि बेचारगी की हालत में उसका कोई सहारा हो । ख़तरे और ख़ौफ़ की हालत में उसके लिए कोई इतमिनान- बख़्श पनाहगाह हो । और यह भी उसकी ज़रूरत है कि उससे अगर ग़लतियाँ हो जाएँ या अगर उससे कोई गुनाह हो जाए तो कोई उसके पछतावे के आँसू और पशेमानी (पश्चाताप) पर माफ़ी और दरगुज़र से काम लेकर उसकी ख़ताओं और गुनाहों को माफ़ करके उसे पाक कर सके । फिर उसकी एक अहम

ज़रूरत यह भी है कि उसे मान-सम्मान हासिल हो और आख़िरत में वह उन लोगों में शामिल हो सके जिनपर ख़ुदा की ख़ास मेहरबानियाँ और इनायतें होने को हैं।

और फिर बन्दे की यह भी एक ज़रूरत है और बड़ी ज़रूरत है कि वह अगर हक़ की तबलीग़ में मसरूफ़ है, ख़ुदा के बन्दों को दीन की दावत दे रहा है तो ख़ुदा उसके लिए आसानियाँ पैदा करे और दावत दी जानेवाली क़ौम के दिलों में हक़ के लिए जगह पैदा करे।

अल्लाह के रसूल *(सल्ल०)* की माँगी हुई और आप *(सल्ल०)* की सिखाई हुई दुआओं को पढ़ने से बख़ूबी अन्दाज़ा किया जा सकता है कि हमारे दिल की क्या कैफ़ियत होनी चाहिए और हमें किस तरह बन्दगी के जज़्बे और ख़ुदा की मुहब्बत से अपने दिल को आबाद और रौशन रखना चाहिए।

यहाँ दुआ के आदाब और उसके क़बूल होने के वक़्त वग़ैरह के बारे में कुछ बातें अर्ज़ कर देनी ज़रूरी मालूम होती हैं।

दुआ के आदाब

(1) दुआ ईमान और इख़लास (निष्ठा) के साथ माँगी जाए।
(2) गुनाहों से दूर रहने की पूरी कोशिश की जाए।
(3) खाना- पीना, पहनना वग़ैरह हलाल कमाई का हो।
(4) ज़िना (व्यभिचार), शराबख़ोरी, झूठ, छल-कपट, ईर्ष्या-द्वेष, घमण्ड, चुग़ली और ग़ीबत (परोक्ष निन्दा) जैसे बड़े गुनाहों से ख़ास तौर से बचा जाए।

(5) रो-गिड़गिड़ाकर आजिज़ी के साथ दुआ करे ।

(6) अपने गुनाहों को तसलीम करते हुए ख़ुदा के सामने सच्चे दिल से तौबा करे ।

(7) बेहतर है कि वुज़ू करके दो रकअत नमाज़ पढ़कर दुआ करे ।

(8) क़िबला की तरफ़ मुँह करके दुआ करे तो ज़्यादा बेहतर है ।

(9) अपनी हाजत पेश करने से पहले ख़ुदा की हम्द व सना (शुक्र व तारीफ़) करे और उसके रसूल *(सल्ल०)* पर दुरूद व सलाम भेजे ।

(10) दोनों हाथ उठाकर दुआ करे और दोनों हाथ की हथेली चेहरे के सामने रखे ।

(11) दुआ के बाद दोनों हाथों को चेहरे पर फेर ले ।

(12) दुआ और इसतिग़फ़ार (बख़शिश चाहना) तीन बार करे ।

(13) रिश्तों को तोड़ने और गुनाह के लिए दुआ न हो ।

(14) दुआ में बेनियाज़ी और बेपरवाही का इज़हार न हो, यानी इस तरह दुआ न करे कि ख़ुदा अगर तू चाहे तो यह काम कर दे, तू चाहे तो रहम फ़रमा, बल्कि दुआ पूरे इरादे और तलब के साथ करे ।

(15) किसी अनहोनी बात की दरख़्वास्त न करे ।

(16) दुआ के क़बूल होने के लिए जल्दी न करे ।

(17) दुआ अगर अपनी ज़ाहिरी शक्ल में पूरी न हो तो यह समझे कि इसमें भी कोई भलाई होगी । शायद अल्लाह किसी और शक्ल में मेरी दुआ क़बूल करेगा और दुआ माँगने का बदला तो बहरहाल मिलेगा ।

दुआ के क़बूल होने का ख़ास वक़्त

(1) रात का पिछला पहर,
(2) जुमा की रात,
(3) जुमा के दिन, अस्र और सूरज डूबने के बीच,
(4) शबे क़द्र में,
(5) अज़ान के वक़्त,
(6) अज़ान और इक़ामत के बीच
(7) हय-य अ़लस्सलाह, हय-य अ़लल्फ़लाह के बाद,
(8) इक़ामत के वक़्त,
(9) जिहाद में सफ़बन्दी के वक़्त,
(10) फ़र्ज़ नमाज़ों के बाद,
(11) सजदे की हालत में,
(12) क़ुरआन की तिलावत और ख़त्मे क़ुरआन के बाद,
(13) अरफ़ा के दिन यानी ज़िलहिज्जा की नौवीं तारीख़ को,
(14) रमज़ान में और रोज़ा इफ़्तार करने के वक़्त,
(15) बारिश के वक़्त बारिश में खड़े होकर दुआ करने पर,
(16) ज़मज़म का पानी पीते वक़्त, और
(17) नमाज़ में इमाम के ग़ैरिल मग़ज़ूबि अ़लैहिम व लज़ ज़ाल्लीन के बाद 'आमीन' कहने पर, अगर फ़िरिश्तों की आमीन के साथ मेल हो गई तो गुनाह बख़्शे जाते हैं ।

दुआ क़बूल होने की ख़ास जगहें

(1) बैतुल्लाह (ख़ाना काबा),

(2) मसजिदे नबवी,
(3) बैतुल मक़दिस (यरूशलम की इबादतगाह जिसकी बुनियाद हज़रत दाऊद *(अलै०)* ने डाली और हज़रत सुलैमान *(अलै०)* ने बनाई),
(4) काबा के अंदरूनी हिस्से में,
(5) ज़मज़म के कुएँ के पास,
(6) सफ़ा व मरवा की पहाड़ी के पास,
(7) जहाँ सई (मक्का की दो पहाड़ियों सफ़ा और मरवा के बीच दौड़ना) की जाती है,
(8) अरफ़ात,
(9) मशअरुल हराम मुज़्दलफ़ा,
(10) पहले जमरे और दूसरे जमरे के पास कंकड़ियाँ मारने के बाद ।

जिन लोगों की दुआएँ जल्द क़बूल होती हैं

(1) बेबस और सताया हुआ,
(2) मुसाफ़िर,
(3) बाप की दुआ,
(4) नेक और परहेज़गार औलाद की दुआ बाप के हक़ में,
(5) रोज़ेदार,
(6) इन्साफ़ करनेवाला हाकिम,
(7) ग़ैर मौजूद मुसलमान भाई के लिए दुआ करनेवाले,
(8) ताइब यानी गुनाहों से तौबा करनेवाले,
(9) रात में जागने के बाद —

لَآ اِلٰهَ اِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهٗ لَا شَرِيْكَ لَهٗ لَهُ الْمُلْكُ وَلَهُ الْحَمْدُ وَهُوَ عَلٰى كُلِّ شَيْءٍ قَدِيْرٌ. اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ وَسُبْحَانَ اللّٰهِ وَلَآ اِلٰهَ اِلَّا اللّٰهُ وَاللّٰهُ اَكْبَرُ وَلَا حَوْلَ وَلَا قُوَّةَ اِلَّا بِاللّٰهِ الْعَلِيِّ الْعَظِيْمِ اَللّٰهُمَّ اغْفِرْلِيْ.

ला इला-ह इल्लल्लाहु वह-दहू ला शरी-क लहू लहुल-मुलकु व लहुल-हम्दु व हु-व अ़ला कुल्लि शैइन क़दीर । अलहम्दु लिल्लाहि व सुबहानल्लाहि व ला इला-ह इल्लल्लाहु वल्लाहु अकबर, व ला हौ-ल व ला क़ुव्व-त इल्ला बिल्लाहिल अ़लीयिल अ़ज़ीम । अल्लाहुम- मग़फ़िरली

— पढ़कर दुआ करनेवाले की दुआ क़बूल होती है । नमाज़ पढ़े तो नमाज़ क़बूल होगी ।

तर्जुमा : "अल्लाह के सिवा कोई माबूद नहीं, वह अकेला है, उसका कोई शरीक नहीं, इक़तिदार व मुल्क उसी का है, हम्द उसी के लिए है और उसे हर चीज़ पर पूरी क़ुदरत हासिल है । सना व शुक्र अल्लाह के लिए है, अज़मतवाला है अल्लाह! और अल्लाह के सिवा कोई माबूद नहीं, और अल्लाह बड़ा है, और गुनाहों से रुके रहना और इताअत की ताक़त सिर्फ़ बरतर, अज़ीम अल्लाह ही की तौफ़ीक़ से मुमकिन है । ऐ अल्लाह मुझे बख़्श दे ।"

(10) इस आयत को पढ़नेवाला:

لَآ اِلٰهَ اِلَّآ اَنْتَ سُبْحٰنَكَ اِنِّيْ كُنْتُ مِنَ الظّٰلِمِيْنَ ○

लाइला-ह इल्ला अन-त सुबहा-न-क इन्नी कुनतु मिनज़-ज़ालिमीन ।

''तेरे सिवा कोई माबूद नहीं, क्या ही अज़मतवाला है तू बेशक मैं क़ुसूरवार हूँ ।'' (क़ुरआन, 21:87)

(11) हज करनेवाला जब तक अपने घर वापस न आ जाए ।

दुआओं की इस किताब में मुन्तख़ब दुआएँ दी गई हैं । इंतिख़ाब में इसका ख़याल रखा गया है कि अहम और मुस्तनद दुआएँ इकट्ठा हो जाएँ, ताकि लोग आसानी के साथ इनको अपना मामूल बना लें । अगर सभी दुआओं को याद रखना मुमकिन न हो तो अपनी पसन्द और अपने हालात के पेशे नज़र जो दुआएँ आपको ज़्यादा पसन्द आएँ उनपर निशान लगा लें और फिर उनको याद कर लें । याद हो जाने के बाद इसे किसी अरबी जाननेवाले को ज़रूर सुनाकर इतमीनान कर लें । याद करते वक़्त इस बात का ख़याल रखे कि जिन दो अक्षरों के बीच में (-) का निशान लगा हो उन्हें मिला कर पढ़ें और जहाँ भी अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ए, ऐ, ओ, औ, के नीचे (.) का चिह्न लगा हो वह अरबी का 'ऐन' है जिसका सही उच्चारण करने के लिए आवाज़ हलक़ से निकालें । यदि आप दीन की सही समझ और शुऊर के साथ इन दुआओं को अपना मामूल बना लेते हैं तो बहुत जल्द इन्शाअल्लाह इन दुआओं का असर आप अपनी ज़िन्दगी में महसूस करेंगे ।

ख़ुदा से दुआ है कि वह इस किताब को क़बूल फ़रमाए और लोग ज़्यादा से ज़्यादा इससे फ़ायदा उठाएँ ।

— मुहम्मद फ़ारूक़ ख़ाँ

अल्लाह के पाक नाम से

❶ اَللّٰهُمَّ اِنِّیْٓ اَسْئَلُكَ بِاسْمِكَ الطَّاهِرِ الطَّيِّبِ الْمُبَارَكِ
الْاَحَبِّ اِلَيْكَ الَّذِیْٓ اِذَا دُعِيْتَ بِهٖٓ اَجَبْتَ وَاِذَا سُئِلْتَ بِهٖٓ
اَعْطَيْتَ وَاِذَا اسْتُرْحِمْتَ بِهٖ رَحِمْتَ وَاِذَا اسْتُفْرِجْتَ فَرَّجْتَ.
(ابن ماجہ)

(1) अल्ला हुम-म इन्नी अस-अलु-क बिसमि-कत-ताहिरित-तय्यिबिल मुबा-रकिल अ-हब्बि इलैकल्लज़ी इज़ा दुई-त बिही अजब-त व इज़ा सुइल-त बिही अअ्तै-त व इज़स-तुरहिम-त बिही रहिम-त व इज़स तुफ़रिज-त फ़र्रज-त । **(इब्ने माजा)**

"ऐ अल्लाह, तेरे पाक, उमदा, मुबारक नाम के ज़रिए से जो तुझे बहुत-ही महबूब है, मैं तुझसे दरख़्वास्त करता हूँ । उस नाम के ज़रिए से जिसके ज़रिए से जब तुझसे दुआ की जाती है तो तू क़बूल फ़रमाता है, और जब उसके ज़रिए से तुझसे सवाल किया जाता है तो तू अता करता है और जब उसके ज़रिए से तुझसे रहम की दरख़्वास्त की जाती है तो तू रहम फ़रमाता है और जब तुझसे निजात की दुआ की जाती है तो तू निजात बख़्शता है ।"

इस्लामी ज़िन्दगी की तलब

(2) اَللّٰهُمَّ اَصْلِحْ لِيْ دِيْنِيَ الَّذِيْ هُوَ عِصْمَةُ اَمْرِيْ وَاَصْلِحْ لِيْ دُنْيَايَ الَّتِيْ فِيْهَا مَعَاشِيْ وَاَصْلِحْ لِيْ اٰخِرَتِيَ الَّتِيْ فِيْهَا مَعَادِيْ وَاجْعَلِ الْحَيَاةَ زِيَادَةً لِّيْ فِيْ كُلِّ خَيْرٍ وَّاجْعَلِ الْمَوْتَ رَاحَةً لِّيْ مِنْ كُلِّ شَرٍّ. ——— (مسلم)

(2) अल्लाहुम-म असलिह-ली दीनिल्लज़ी हु-व इ़समतु अमरी व असलिह-ली दुनया-यल्लती फ़ीहा मआ़शी व असलिह ली आख़िर-रतिल- लती फ़ीहा मआ़दी वज-अ़लिल हया-त ज़िया-द-तल्ली फ़ी कुल्लि ख़ैरिवँ वजअ़लिल मौ-त रा-हतल-ली मिन कुल्लि शर्र । **(मुसलिम)**

''ऐ अल्लाह! मेरे लिए मेरे दीन को दुरुस्त फ़रमा, जो हक़ीक़त में मेरे मामले और मेरे हालात की हिफ़ाज़त का दूसरा नाम है । और मेरे लिए मेरी दुनिया को दुरुस्त कर दे, जिसमें मेरी गुज़र-बसर होनी है । और मेरे लिए मेरी आख़िरत को दुरुस्त कर दे, जिसमें मुझे दोबारा उठना है । और हर भलाई के मामले में ज़िन्दगी को मेरे लिए ज़्यादा कर और मौत को मेरे लिए हर फ़साद से राहत पाने का ज़रिया बना ।''

(3) اَللّٰهُمَّ احْفَظْنِيْ بِالْاِسْلَامِ قَآئِمًا وَّاحْفَظْنِيْ بِالْاِسْلَامِ قَاعِدًا وَّاحْفَظْنِيْ بِالْاِسْلَامِ رَاقِدًا وَّلَا تُشْمِتْ بِيْ عَدُوًّا وَّلَا حَاسِدًا. اَللّٰهُمَّ اِنِّيْ اَسْئَلُكَ مِنْ كُلِّ خَيْرٍ خَزَآئِنُهٗ بِيَدِكَ وَاَعُوْذُ

بِكَ مِنْ كُلِّ شَرٍّ خَزَائِنُهُ بِيَدِكَ . ــــــــــــــ (حاکم)

(3) अल्लाहुम-मह फ़ज़नी बिल इसलामि क़ाइमवँ वह-फ़ज़नी बिल इसलामि क़ाइदवँ वह-फ़ज़नी बिल इसलामि राक़िदवँ वला तुशमित बीअ़दु-ववँ वला हासिदन, अल्लाहुम-म इन्नी असअलु-क मिन कुल्लि ख़ैरिन ख़ज़ाइनुहू बियदि-क व अऊ़ज़ुबि-क मिन कुल्लि शर्रिन ख़ज़ाइनुहू बियदिक। (हाकिम)

''ऐ अल्लाह! इस्लाम के वास्ते से, उठते, बैठते, सोते (हर हालत में) मेरी हिफ़ाज़त कर और किसी दुश्मन को मुझ पर हँसने का मौक़ा न दे और न किसी हसद (ईर्ष्या) करनेवाले को इसका मौक़ा दे। ऐ अल्लाह! मैं हर भलाई तुझसे माँगता हूँ जिसके ख़ज़ाने तेरे क़बज़े में हैं और मैं हर बुराई से बचने के लिए तेरी पनाह चाहता हूँ जिसके भण्डार तेरे कबज़े में हैं।''

٤ اَللّٰهُمَّ اِنِّیْ اَسْئَلُكَ الثَّبَاتَ فِی الْاَمْرِ وَالْعَزِیْمَةَ عَلَی الرُّشْدِ وَاَسْئَلُكَ شُكْرَ نِعْمَتِكَ وَحُسْنَ عِبَادَتِكَ وَاَسْئَلُكَ قَلْبًا سَلِیْمًا وَّلِسَانًا صَادِقًا وَّاَسْئَلُكَ مِنْ خَیْرِ مَا تَعْلَمُ وَاَعُوْذُبِكَ مِنْ شَرِّ مَا تَعْلَمُ وَاَسْتَغْفِرُكَ لِمَا تَعْلَمُ. ــــــــ (نسائی، احمد، ترمذی)

(4) अल्लाहुम-म इन्नी अस-अलु-कस सबा-त फ़िल अमरि वलअ़ज़ी-म-त अ़-लर् रुशदि व अस-अलु-क शुक-र नेअ़-मति-क व हुस-न इबा-दति-क व अस-अलु-क क़लबन सलीमवँ व लिसा-नन सादिक़वँ व अस-अलु-क मिन ख़ैरि मा तअ़-ल-मु व अ'ऊज़ु

बि-क मिन शर्रि मा तअ़-ल-मु व अस-तग़फ़िरु-क लिमा तअ़-लमु । **(नसई, अहमद, तिरमिज़ी)**

''ऐ अल्लाह! मैं तुझसे हक़ बातों पर जमने की तौफ़ीक़ माँगता हूँ और मैं तुझसे सीधे रास्ते पर डटे रहने की दुआ माँगता हूँ और मैं तुझसे तेरी नेमत का शुक्र अदा करने और तेरे लिए बेहतर इबादत की तौफ़ीक़ चाहता हूँ, और तुझसे पाक व साफ़ दिल और सच बोलनेवाली ज़बान की दरख़्वास्त करता हूँ, और तुझसे उस भलाई की दरख़्वास्त करता हूँ जो तेरे इल्म में हो, और उस बुराई से बचने के लिए तेरी पनाह चाहता हूँ जिसे तू जानता है, और उस गुनाह से माफ़ी की तुझसे दरख़्वास्त है जो तेरे इल्म में हो ।''

इल्म की तलब

٥ اَللّٰهُمَّ انْفَعْنِیْ بِمَا عَلَّمْتَنِیْ وَعَلِّمْنِیْ مَا یَنْفَعُنِیْ وَزِدْنِیْ عِلْمًا اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ عَلٰی كُلِّ حَالٍ وَّاَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنْ حَالِ اَهْلِ النَّارِ. ——————— (ترمذی، ابن ماجہ)

(5) अल्लाहुम्मन फ़अ़नी बिमा अ़ल्लम-तनी व अ़ललिमनी मा यन-फ़उ़नी व ज़िदनी इ़लमन, अल्हम्दु लिल्लाहि अ़ला कुल्लि हा-लिवँ व अऊ़ज़ु बिल्लाहि मिन हालि अहलिन्नार ।

(तिरमिज़ी, इब्ने माजा)

''ऐ अल्लाह, जो कुछ तूने मुझे इल्म बख़्शा है उसे तू मेरे लिए नफ़ाबख़्श बना दे और वह कुछ मुझे सिखा जिससे मुझे फ़ायदा पहुँचे,

और मेरे इल्म में इज़ाफ़ा कर । अल्लाह की तारीफ़ हर हाल में है और मैं दोज़खवालों के हाल से अल्लाह की पनाह चाहता हूँ ।''

हज़रत अबू हुरैरा (रज़ि०) की दुआ —

٦ اَللّٰهُمَّ اِنِّیْٓ اَسْئَلُكَ عِلْمًا لَّا یُنْسٰی. ——— (مستدرک ، حاکم)

(6) अल्लाहुम-म इन्नी अस-अलु-क इलमल ला युनसा ।

(मुसतदरक, हाकिम)

''ऐ अल्लाह! मैं तुझसे ऐसा इल्म माँगता हूँ जिसे भुलाया न जा सके ।''

सुबह व शाम की दुआएँ

٧ اَصْبَحْنَا عَلٰی فِطْرَةِ الْاِسْلَامِ وَكَلِمَةِ الْاِخْلَاصِ وَعَلٰی دِیْنِ نَبِیِّنَا مُحَمَّدٍ صَلَّی اللّٰهُ عَلَیْهِ وَسَلَّمَ وَعَلٰی مِلَّةِ اَبِیْنَا اِبْرَاهِیْمَ حَنِیْفًا وَّمَا كَانَ مِنَ الْمُشْرِكِیْنَ.

——— (احمد، نسائی ، الاذکار للنّووی)

(7) अस बहना अला फ़ित-र तिल इसलामि व कलि-मतिल इख़लासि व-अला दीनि नबिय्यिना मुहम्मदिन सल्लल्लाहु अलैहि व सल-ल-म व अला मिल्लति अबीना इबराही-म हनी-फ़वँ व मा का-न मिनल मुशरिकीन ।

(अहमद, नसई, अलअज़कार लिन्नवी)

"हमने सुबह की इस्लाम की फ़ितरत और इख़लास के कलिमे पर और अपने नबी हज़रत मुहम्मद *(सल्ल०)* के दीन पर और अपने बाप इबराहीम *(अलै०)* की मिल्लत पर जो ख़ुदा के लिए यकसू हो गए थे और वे मुशरिकीन में से न थे।"

٨ اَللّٰهُمَّ بِكَ اَمْسَيْنَا وَبِكَ اَصْبَحْنَا وَبِكَ نَحْيٰى وَبِكَ نَمُوْتُ وَاِلَيْكَ النُّشُوْرُ۔ ——— (ترمذی، ابن ماجہ، ابوداؤد)

(8) अल्लाहुम्-म बि-क अमसैना व बि-क अस-बहना व बि-क नहया व बि-क नमूतु व इलैकन नुशूर।

(तिरमिज़ी, इब्ने माजा, अबू दाऊद)

"ऐ अल्लाह! हमने तेरे ही सहारे शाम की, और तेरे ही सहारे सुबह की, और तेरे ही करम से जीते हैं और तेरे ही हुक्म से मरते हैं, और तेरी ही तरफ़ दोबारा ज़िन्दा होकर जाना है।"

सुबह और शाम तीन बार पढ़िए —

٩ بِسْمِ اللّٰهِ الَّذِیْ لَا یَضُرُّ مَعَ اسْمِهٖ شَیْءٌ فِی الْاَرْضِ وَلَا فِی السَّمَآءِ وَهُوَ السَّمِیْعُ الْعَلِیْمُ۔ ——— (ترمذی، ابوداؤد، ابن ماجہ، نسائی)

(9) बिसमिल्लाहिल्लज़ी ला यज़ुर-रु मअ़ इसमिही शैउन फ़िल अरज़ि व ला फ़िस्समाइ व हुवस-समीउ़ल अ़लीम।

(तिरमिज़ी, अबू दाऊद, इब्ने माजा, नसई)

"अल्लाह के नाम से जिसके नाम के साथ कोई चीज़ न तो ज़मीन में नुक़सान पहुँचाती है और न आसमान में, और वह सुनता,

जानता है ।''

(10) اَمْسَيْنَا وَاَمْسَى الْمُلْكُ لِلّٰهِ وَالْحَمْدُ لِلّٰهِ لَآ اِلٰهَ اِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهٗ لَا شَرِيْكَ لَهٗ لَهُ الْمُلْكُ وَلَهُ الْحَمْدُ وَهُوَ عَلٰى كُلِّ شَيْءٍ قَدِيْرٌ. رَبِّ اَسْئَلُكَ خَيْرَ مَا فِيْ هٰذِهِ اللَّيْلَةِ وَخَيْرَ مَا بَعْدَهَا، وَاَعُوْذُبِكَ مِنْ شَرِّهَا وَشَرِّ مَا فِيْهَا وَاَعُوْذُبِكَ مِنَ الْكَسَلِ وَمِنْ سُوْءِ الْكِبَرِ وَالْكُفْرِ، رَبِّ اَعُوْذُبِكَ مِنْ عَذَابٍ فِي النَّارِ وَ عَذَابٍ الْقَبْرِ. ——————— (بخاری، مسلم، ابوداؤد، ترمذی)

(10) अमसै-ना व अमसल मुल्कु लिल्लाहि वल्हम्दु लिल्लाहि ला इला-ह इल्लल्लाहु वह-द-हू ला शरी-क लहू लहुल मुल्कु व लहुल हमदु व हुव अ़ला कुल्लि शैइन क़दीर । रब्बि अस-अलु-क ख़ै-र माफ़ी हाज़िहिल लै-लति व ख़ै-र मा बअ़-दहा, व अऊ़ज़ु बि-क मिन शर्रिहा व शर्रि माफ़ीहा व अऊ़ज़ु बि-क मिनल क-स-लि व मिन सू-इल कि-ब-रि वल कुफ़्रि, रब्बि अऊ़ज़ु बि-क मिन अ़ज़ाबिन फ़िन्नारि व अ़ज़ाबिल क़ब्र ।

(बुख़ारी, मुसलिम, अबू दाऊद, तिरमिज़ी)

''हमने और तमाम मुल्क ने अल्लाह के लिए शाम की, और सारी तारीफ़ अल्लाह ही के लिए है । अल्लाह के सिवा कोई माबूद नहीं । वह अकेला है । उसका कोई शरीक नहीं । उसी की सल्तनत है और

उसी के लिए तारीफ़ है और उसे हर चीज़ पर कुदरत हासिल है। ऐ रब मैं तुझसे इस रात की भलाई और इसके बाद की भलाई तलब करता हूँ और इस रात की बुराई और इसके बाद की बुराई से तेरी पनाह चाहता हूँ। ऐ रब! मैं सुस्ती, काहिली और बुढ़ापे की ख़राबी और बुरी हालत और नाशुक्री से बचने के लिए तेरी पनाह चाहता हूँ। ऐ रब, मैं दोज़ख़ के अज़ाब और क़ब्र के अज़ाब से बचने के लिए तेरी पनाह चाहता हूँ।''

(11) اَللّٰهُمَّ اِنِّیْٓ اَسْئَلُكَ الْعَافِيَةَ فِي الدُّنْيَا وَالْاٰخِرَةِ، اَللّٰهُمَّ اِنِّیْٓ اَسْئَلُكَ الْعَفْوَ وَالْعَافِيَةَ فِيْ دِيْنِيْ وَدُنْيَايَ وَاَهْلِيْ وَمَالِيْ، اَللّٰهُمَّ اسْتُرْ عَوْرَاتِيْ وَاٰمِنْ رَوْعَاتِيْ، اَللّٰهُمَّ احْفَظْنِيْ مِنْ بَيْنِ يَدَيَّ وَمِنْ خَلْفِيْ وَعَنْ يَّمِيْنِيْ وَعَنْ شِمَالِيْ وَمِنْ فَوْقِيْ وَمِنْ تَحْتِيْ وَاَعُوْذُ بِكَ بِعَظَمَتِكَ اَنْ اُغْتَالَ مِنْ تَحْتِيْ. (احمد، ابوداؤد)

(11) अल्लाहुम-इन्नी अस-अलुकल आ़फ़ि-य-त फ़िद्दुनया वल आख़िरह। अल्लाहुम-म इन्नी अस-अलुकल-अ़फ़-व वल-आ़फ़ि-य-त फ़ी दीनी व दुनया-य व अहली व माली। अल्लाहुम्मस्तुर अ़वराती व आमिन रौ आ़ती, अल्लाहुम्मह-फ़ज़नी मिमबैनि यदै-य व मिन ख़लफ़ी व अ़यँ-यमीनी व अ़न शिमाली व मिन फ़ौक़ी व मिन तहती व अऊ़ज़ु बि-क बि-अ़ज़मति-क अन उग़ता-ल मिन तहती। (अहमद, अबू दाऊद)

''ऐ अल्लाह, मैं तुझसे दुनिया व आख़िरत में आफ़ियत और

सलामती की दरख़्वास्त करता हूँ । ऐ अल्लाह, मैं तुझसे माफ़ी का तलबगार हूँ और अपने दीन, अपनी दुनिया और अपने घरवालों और अपने माल में सलामती का तालिब हूँ । ऐ अल्लाह, मेरे ऐबों और कमियों को छुपा और मुझे अपने अन्देशों से महफ़ूज़ कर दे । ऐ अल्लाह, तू मेरी हिफ़ाज़त कर । मेरे सामने से और मेरे पीछे से, मेरे दाएँ से और मेरे बाएँ से, और मेरे ऊपर से और मेरे नीचे से, और मैं तेरी अज़मत और बड़ाई की पनाह चाहता हूँ इस बात से कि मैं अपने नीचे से हलाक किया जाऊँ ।''

⑫ يَا حَيُّ يَا قَيُّوْمُ بِرَحْمَتِكَ اَسْتَغِيْثُ فَاَصْلِحْ لِيْ شَأْنِيْ كُلَّهٗ وَلَا تَكِلْنِيْ اِلٰى نَفْسِيْ طَرْفَةَ عَيْنٍ. ـــــ (نسائی، الاذکار للنووی)

(12) या हय्यु या क़य्यूमु बि रह-मति-क अस तग़ीसु फ़-असलिहली शानी कुल्लहु वला तकिलनी इला नफ़सी तर-फ़-त ऐनी । **(नसई, अल अज़कार लिन्नव्वी)**

''ऐ हमेशा ज़िन्दा रहनेवाले, ऐ कायनाते हस्ती का इंतिज़ाम सँभालने वाले, तेरी रहमत के वास्ते से मैं फ़रियाद करता हूँ, तो तू मेरे तमाम मामलात को दुरुस्त कर दे, और मुझे एक लम्हे के लिए भी मेरे नफ़्स के हवाले न कर।''

⑬ اَللّٰهُمَّ اِنِّيْ اَسْئَلُكَ صِحَّةً فِيْ اِيْمَانٍ وَّاِيْمَانًا فِيْ حُسْنِ خُلُقٍ وَّنَجَاحًا يَّتْبَعُهَا فَلَاحٌ وَّرَحْمَةً مِّنْكَ وَعَافِيَةً وَّمَغْفِرَةً مِّنْكَ وَرِضْوَانًا. ـــــ (احمد، طبرانی فی الاوسط)

(13) अल्लाहुम-म इन्नी अस-अलु-क सिह्-हतन फ़ी ईमानिवँ व ईमानन फ़ी हुसनि ख़ुलुक़िवँ व नजातयँ यत-बउ़हा फ़लाहुवँ व रह-म-तम मिन-क वआफ़ियतवँ व मग़फ़ि-र-तम मिन-क व रिज़वाना। **(अहमद, तबरानी फ़िल अवसत)**

''ऐ अल्लाह, मैं तुझसे ईमान के साथ तन्दुरुस्ती और हुसने अखलाक़ के साथ ईमान की दरख़्वास्त करता हूँ, और ऐसी निजात जिसके आगे कामयाबी हो और तेरी तरफ़ से रहमत व आफ़ीयत और तेरी बखशिश और ख़ुशी का तालिब हूँ।''

(14) اَللّٰهُمَّ عَافِنِيْ فِيْ بَدَنِيْ، اَللّٰهُمَّ عَافِنِيْ فِيْ سَمْعِيْ، اَللّٰهُمَّ عَافِنِيْ فِيْ بَصَرِيْ لَآ اِلٰهَ اِلَّآ اَنْتَ . ____________ (ابوداؤد)

(14) अल्लाहुम-म आफ़िनी फ़ी ब-दनी। अल्लाहुम-म आफ़िनी फ़ी समई। अल्लाहुम-म आफ़िनी फ़ी बसरी ला इला-ह इल्ला अन-त। **(अबू दाऊद)**

''ऐ अल्लाह, मुझे जिसमानी आफ़ीयत अता कर, ऐ अल्लाह तू मुझे मेरी समाअत (सुनने की ताक़त) में सलामती अता कर और मुझे मेरी बसारत (आँख की रौशनी) में सलामती अता कर। तेरे सिवा कोई माबूद नहीं।''

रात में सोते वक़्त

١٥ بِسْمِ اللّٰهِ وَضَعْتُ جَنْبِيْ لِلّٰهِ. اَللّٰهُمَّ اغْفِرْ ذَنْبِيْ وَاخْسَأْ
شَيْطَانِيْ وَفُكَّ رِهَانِيْ وَاجْعَلْنِيْ فِي النَّدِيِّ الْاَعْلٰى. ـــــ(ابوداؤد)

(15) बिसमिल्लाहि व ज़अ़तु जम्बी लिल्लाहि । अल्लाहुम-मग़फ़िर ज़म्बी वख़सा शैतानी व फुक-क रिहानी वज-अ़लनी फ़िन-नदीयिल अअ़ला । **(अबू दाऊद)**

''अल्लाह के नाम से अल्लाह के लिए अपना पहलू (बिस्तर पर) रखता हूँ । ऐ अल्लाह, तू मेरे गुनाह माफ़ कर दे और मेरे शैतान को बेइज़्ज़त व रुसवा कर दे, और मेरी गर्दन छुड़ा दे और बुलंद मजलिसवालों में मुझे भी शामिल कर दे ।''

١٦ اَللّٰهُمَّ اِنِّيْ اَعُوْذُ بِكَ بِوَجْهِكَ الْكَرِيْمِ وَكَلِمَاتِكَ التَّامَّاتِ
مِنْ شَرِّ مَا اَنْتَ اٰخِذٌ بِنَاصِيَتِهٖ، اَللّٰهُمَّ اَنْتَ تَكْشِفُ الْمَغْرَمَ وَالْمَاْثَمَ،
اَللّٰهُمَّ لَا يُهْزَمُ جُنْدُكَ وَلَا يُخْلَفُ وَعْدُكَ وَلَا يَنْفَعُ ذَا الْجَدِّ مِنْكَ
الْجَدُّ سُبْحَانَكَ وَبِحَمْدِكَ. ـــــــــ(ابوداؤد)

(16) अल्लाहुम-म इन्नी अऊ़ज़ु बि-क बि-वजहिकल करीमि व कलिमाति-कत-ताम-माति मिन शर्रि मा अन-त आख़िज़ुम बिना-सि-य- तिह । अल्लाहुम-म अन-त तकशिफ़ुल मग़-र-म वल मा-स-म । अल्ला- हुम-म ला युह-ज़-मु जुनदु-क व ला युख़-लफ़ु

वअ़्दु-क वला यन-फ़उ ज़ल जद्दि मिन-कल जद्दु सुब्हा-न-क व बि-हमदि-क। (अबू दाऊद)

''ऐ अल्लाह, मैं तेरे रुख़े मुकर्रम और तेरे जारी होनेवाले कलिमात के ज़रीये से उन चीज़ों की बुराई से तुझसे पनाह चाहता हूँ जिनकी पेशानी तेरी पकड़ में है। ऐ अल्लाह, तू ही क़र्ज़ और गुनाह को दूर करता है। ऐ अल्लाह, तेरे लश्कर को कभी शिकस्त नहीं और तेरा वादा ख़िलाफ़ नहीं होता और दौलतमंद को उसकी दौलतमंदी कभी तेरे मुक़ाबले में काम नहीं आ सकती। तू क्या ही अज़ीम है और तेरे ही लिए है सब तारीफ़।''

١٧ اَللّٰهُمَّ بِاسْمِكَ اَمُوْتُ وَاَحْيٰى. (بخاری، مسلم)

(17) अल्लाहुम-म बिसमि-क अमूतु व अह-या।

(बुख़ारी, मुसलिम)

''ऐ अल्लाह, मैं तेरे ही नाम से मरता हूँ और जीता हूँ।''

١٨ بِاسْمِكَ رَبِّىْ وَضَعْتُ جَنْبِىْ وَبِكَ اَرْفَعُهٗ اِنْ اَمْسَكْتَ نَفْسِىْ فَارْحَمْهَا وَاِنْ اَرْسَلْتَهَا فَاحْفَظْهَا بِمَا تَحْفَظُ بِهٖ عِبَادَكَ الصَّالِحِيْنَ.

(بخاری، مسلم، ابوداؤد)

(18) बिसमि-क रब्बी व ज़अ़्तु जम्बी व बि-क अर-फ़-उ़हू इन अमसक-त नफ़्सी फ़र हमहा व इन अरसल-तहा फ़हफ़ज़हा बिमा तह- फ़-ज़ु बिही इ़बा-द-कस-सालिहीन।

(बुख़ारी, मुसलिम, अबू दाऊद)

"ऐ रब, मैं तेरे ही नाम से अपना पहलू (बिस्तर पर) रखता हूँ और उसे उठाता हूँ। अगर तू मेरी जान को रोक ले तो उसपर रहम करना और उसे छोड़ दे तो उसकी उसी तरह हिफ़ाज़त करना जिस तरह तू अपने नेक बन्दों की हिफ़ाज़त करता है।"

⑲ اَللّٰهُمَّ اَسْلَمْتُ نَفْسِيْ اِلَيْكَ وَوَجَّهْتُ وَجْهِيْ اِلَيْكَ وَ فَوَّضْتُ اَمْرِيْ اِلَيْكَ وَاَلْجَاْتُ ظَهْرِيْ اِلَيْكَ رَغْبَةً وَّرَهْبَةً اِلَيْكَ لَا مَلْجَاَ وَلَا مَنْجٰى مِنْكَ اِلَّآ اِلَيْكَ، اٰمَنْتُ بِكِتَابِكَ الَّذِيْ اَنْزَلْتَ وَبِنَبِيِّكَ الَّذِيْ اَرْسَلْتَ. ——— (مسلم، بخاری، ابوداؤد)

(19) अल्लाहुम-म असलम-तु नफ़्सी इलै-क व वज्जहतु वजही इलै-क व फ़व-वज़तु अमरी इलै-क वल जातु ज़हरी इलै-क रग़-ब-तवँ व रह-ब-तन इलै-क ला मल-ज-अ़ व ला मनजा मिन-क इल्ला इलै- क। आ-मन-तु बिकिताबि-कल्लज़ी अनज़ल-त व बि-नबीयि-कल्लज़ी अरसल-त ।

(मुसलिम, बुख़ारी, अबू दाऊद)

"ऐ अल्लाह, मैंने अपनी जान तेरे सुपुर्द कर दी और अपने मुँह को तेरी ओर किया और अपना मामला तुझे सौंप दिया, तुझे अपना मददगार बनाया, इस हाल में कि तेरी तरफ़ झुका हुआ और तेरे ख़ौफ़ से काँप रहा हूँ। तुझसे हटकर न कोई ठिकाना है और न निजात की कोई जगह ही, अगर है तो बस तेरे ही पास। मैं तेरी उस किताब पर ईमान ले आया जो तूने नाज़िल की है और तेरे उस नबी पर भी जिसको तूने भेजा है।"

रात में आँख खुलने पर

٢٠ اَللّٰهُمَّ اجْعَلْ فِيْ قَلْبِيْ نُوْرًا وَّفِيْ سَمْعِيْ نُوْرًا وَّفِيْ بَصَرِيْ نُوْرًا وَّعَنْ يَّمِيْنِيْ نُوْرًا وَّعَنْ شِمَالِيْ نُوْرًا وَّمِنْ بَيْنِ يَدَيَّ نُوْرًا وَّمِنْ خَلْفِيْ نُوْرًا وَّمِنْ فَوْقِيْ نُوْرًا وَّمِنْ تَحْتِيْ نُوْرًا وَّاَعْظِمْ لِيْ نُوْرًا يَّوْمَ الْقِيٰمَةِ. (مسلم، بخاری، نسائی)

(20) अल्लाहुम-मजअ़ल फ़ी क़लबी नू-रवँ व फ़ी समई नू-रवँ व फ़ी ब-स-री नूरवँ व अ़इ़न-यमीनी नू-रवँ वअ़न शिमाली नू-रवँ व मिम्बैनि य-दय-य नू-रवँ व मिन ख़लफ़ी नू-रवँ व मिन फ़ौक़ी नू-रवँ व मिन तहती नू-रवँ व अअ़ज़िम ली नू-रयँ-यौमल क़ियामह । (मुसलिम, बुख़ारी, नसई)

''ऐ अल्लाह, मेरे दिल में नूर पैदा कर, और मेरे कान और मेरी आँख में नूर डाल दे, और मेरी दाईं ओर नूर और मेरी बाईं ओर नूर कर दे, और मेरे आगे और मेरे पीछे भी नूर कर दे और मेरे ऊपर नूर कर दे और मेरे नीचे नूर कर दे और क़ियामत के रोज़ मेरे नूर को ख़ूब बढ़ा दे ।''

सोकर उठने पर

٢١ اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ الَّذِيْ اَحْيَانَا بَعْدَ مَا اَمَاتَنَا وَاِلَيْهِ النُّشُوْرُ.

(بخاری، ابوداؤد)

(21) अलहम्दु लिल्लाहिल्लज़ी अहयाना बअ़-दमा अमा-त-ना व इलैहिन-नुशूर । (बुख़ारी, अबू दाऊद)

''सब तारीफ़ अल्लाह के लिए है, जिसने हमें मौत देने के बाद ज़िन्दा किया और आख़िरकार उसी की तरफ़ जाना है ।''

٢٢ اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ الَّذِیْ رَدَّ عَلَیَّ رُوْحِیْ وَعَافَانِیْ فِیْ جَسَدِیْ وَاَذِنَ لِیْ بِذِکْرِهٖ. (ترمذی، نسائی)

(22) अल्हम्दु लिल्लाहिल्लज़ी रद्-द अ़लय-य रूही व आफ़ानी फ़ी ज-स-दी व अज़ि-न ली बिज़िकरिही ।

(तिरमिज़ी, नसई)

''सारी तारीफ़ अल्लाह के लिए है जिसने मेरी रूह को लौटा दिया और जिसमानी तौर पर मुझे सलामती बख़्शी और अपने ज़िक्र की मुझे इजाज़त अता की ।''

٢٣ اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ الَّذِیْ خَلَقَ النَّوْمَ وَالْیَقْظَةَ اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ الَّذِیْ بَعَثَنِیْ سَالِمًا سَوِیًّا اَشْهَدُ اَنَّ اللّٰهَ یُحْیِ الْمَوْتٰی وَهُوَ عَلٰی کُلِّ شَیْءٍ قَدِیْرٌ. (الاذکار للنووی)

(23) अलहम्दु लिल्लाहिल्लज़ी ख़-ल-क़न्नौ-म वल यक़-ज़-त अलहम्दु लिल्लाहिल्लज़ी ब-अ़-स-नी सालिमन सविय्यन अशहदु अन्नल्ला-ह युहयिल मौता व हु-व अ़ला कुल्लि शैइन क़दीर ।

(अल अज़कार लिन्नववी)

''तारीफ़ है अल्लाह की जिसने नींद और बेदारी को पैदा किया। तारीफ़ है अल्लाह की जिसने मुझे सही सालिम उठाया। मैं गवाही देता हूँ कि अल्लाह मुर्दों को ज़िन्दा करेगा और उसे हर चीज़ पर क़ुदरत हासिल है।''

(24) لَآ اِلٰهَ اِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهٗ لَا شَرِيْكَ لَهٗ لَهُ الْمُلْكُ وَلَهُ الْحَمْدُ وَ
هُوَ عَلٰى كُلِّ شَيْءٍ قَدِيْرٌ، وَسُبْحَانَ اللّٰهِ وَلَآ اِلٰهَ اِلَّا اللّٰهُ وَاللّٰهُ اَكْبَرُ،
وَلَا حَوْلَ وَلَا قُوَّةَ اِلَّا بِاللّٰهِ اَللّٰهُمَّ اغْفِرْلِيْ. (بخاری، ترمذی، احمد، ابن ماجہ)

(24) ला इला-ह इल्लल्लाहु वहदहू ला शरी-क लहू लहुल मुल्कु व लहुल हम्दु व हु-व अ़ला कुल्लि शैइन क़दीर। व सुबहानल्लाहि व ला इला-ह इल्लल्लाहु वल्लाहु अकबर। वला हौ-ल वला क़ुव-व-त इल्ला बिल्लाहि, अल्लाहुम्मग़-फ़िरली।

(बुख़ारी, तिरमिज़ी, अहमद, इब्ने माजा)

''अल्लाह के सिवा कोई माबूद नहीं, वह अकेला है, उसका कोई शरीक नहीं, उसी की है बादशाही और उसी के लिए सारी तारीफ़ें और शुक्र है और वह हर चीज़ पर क़ुदरत रखता है। और अल्लाह बड़ाईवाला है और अल्लाह के सिवा कोई माबूद नहीं, और अल्लाह ही बड़ा है। और एक हालत का दूसरी हालत में बदलना और ताक़त का हासिल होना ख़ुदा की मदद के बग़ैर मुमकिन नहीं। ऐ अल्लाह, मुझे बख़्श दे।''

इबादतों के मौक़ों पर

ग़ुस्ल, वुज़ू और तयम्मुम की दुआ

(٢٥) اَللّٰهُمَّ اغْفِرْلِيْ ذَنْبِيْ وَوَسِّعْ لِيْ فِيْ دَارِيْ وَبَارِكْ لِيْ فِيْ رِزْقِيْ. (نسائی)

(25) अल्लाहुम्मग़-फ़िरली ज़म्बी व वस्सिअ़ ली फ़ी दारी व बारिक ली फ़ी रिज़क़ी । (नसई)

"ऐ अल्लाह, तू मेरे गुनाह को माफ़ कर दे और मेरे घर में ख़ुशहाली और कुशादगी अता कर और मेरी रोज़ी में बरकत दे ।"

ग़ुस्ल, वुज़ू और तयम्मुम करने के बाद की दुआ

(٢٦) اَشْهَدُ اَنْ لَّآ اِلٰهَ اِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهٗ لَا شَرِيْكَ لَهٗ وَاَشْهَدُ اَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهٗ وَرَسُوْلُهٗ، اَللّٰهُمَّ اجْعَلْنِيْ مِنَ التَّوَّابِيْنَ وَاجْعَلْنِيْ مِنَ الْمُتَطَهِّرِيْنَ. (مسلم)

(26) अशहदु अल्ला इला-ह इल्लल्लाहु वह-दहू ला शरी-क लहू व अश-हदु अन-न मुहम्मदन अ़बदुहू व रसूलुहू अल्ला

हुम्मज-अ़लनी मिनत-तव्वाबी-न वजअ़लनी मिनल मु-त-तह-हिरीन।

(मुसलिम)

''मैं गवाही देता हूँ कि अल्लाह के सिवा कोई माबूद नहीं, वह अकेला है, उसका कोई शरीक नहीं। और मैं इसकी गवाही देता हूँ कि मुहम्मद (सल्ल०) उसके बन्दे और उसके रसूल हैं। ऐ ख़ुदा, तू मुझे तौबा करनेवालों और ख़ूब पाकीज़गी इख़तियार करनेवालों में शामिल कर।''

मसजिद की तरफ़ रुख़ करते वक़्त

(27) اَللّٰهُمَّ اجْعَلْ فِيْ قَلْبِيْ نُوْرًا وَّفِيْ بَصَرِيْ نُوْرًا وَّفِيْ سَمْعِيْ نُوْرًا وَّعَنْ يَّمِيْنِيْ نُوْرًا وَّعَنْ يَّسَارِيْ نُوْرًا وَّفَوْقِيْ نُوْرًا وَّتَحْتِيْ نُوْرًا وَّاَمَامِيْ نُوْرًا وَّخَلْفِيْ نُوْرًا وَّاجْعَلْ لِّيْ نُوْرًا وَّفِيْ لِسَانِيْ نُوْرًا وَّفِيْ عَصَبِيْ نُوْرًا وَّلَحْمِيْ نُوْرًا وَّدَمِيْ نُوْرًا وَّشَعْرِيْ نُوْرًا وَّبَشَرِيْ نُوْرًا وَّاجْعَلْ فِيْ نَفْسِيْ نُوْرًا وَّاَعْظِمْ لِيْ نُوْرًا، اَللّٰهُمَّ اَعْطِنِيْ نُوْرًا۔ (مسلم)

(27) अल्लाहुम्मज अ़ल फ़ी क़लबी नू-रवँ व फ़ी ब-स-री नू-रवँ व फ़ी समई नू-रवँ व अ़यँ-यमीनी नू-रवँ व अ़यँ-यसारी नू-रवँ व फ़ौक़ी नू-रवँ व तहती नू-रवँ व अमामी नू-रवँ व ख़लफ़ी नू-रवँ वज-अ़ल्ली नू-रवँ व फ़ी लिसानी नू-रवँ व फ़ी अ़-स-बी नू-रवँ व लहमी नू-रवँ व दमी नू-रवँ व शअ़री नू-रवँ व

ब-श-री नू-रवँ वज-अ़ल फ़ी नफ़्सी नूरन व अअ़्ज़िम ली नूरा । अल्लाहुम-म अअ़्तिनी नूरा ।   (मुसलिम)

''ऐ अल्लाह, मेरे दिल में नूर पैदा कर और मेरी आँखों में नूर, मेरे कान में नूर, मेरी दाहिनी ओर नूर, मेरी बाईं ओर नूर, मेरे ऊपर नूर, मेरे नीचे नूर, मेरे आगे नूर, मेरे पीछे नूर पैदा कर । और मेरे लिए नूर ही नूर कर दे । और मेरी ज़बान में नूर, मेरे पुट्ठों में नूर, मेरे गोश्त में नूर, मेरे ख़ून में नूर, मेरे बालों में नूर, मेरी खाल में नूर और मेरी जान में नूर पैदा कर दे और मेरे नूर को बढ़ा दे और मुझे नूर ही नूर अता कर ।''

अज़ान सुनकर

(۲۸) اَللّٰهُمَّ رَبَّ هٰذِهِ الدَّعْوَةِ التَّامَّةِ وَالصَّلٰوةِ الْقَائِمَةِ اٰتِ مُحَمَّدَا نِ الْوَسِيْلَةَ وَالْفَضِيْلَةَ وَابْعَثْهُ مَقَامًا مَّحْمُوْدَا نِ الَّذِيْ وَعَدْتَّهٗ. ———— (بخاری، ابوداؤد، ترمذی، نسائی، احمد)

(28) अल्लाहुम-म रब-ब हाज़िहिद-दअ़्वतित ताम्मति वस-सलातिल क़ाइमति आति मुहम्म-द-निल वसी-ल-त वल फ़ज़ी-ल-त वब- अ़स-हु मक़ामम महमू-द निल-लज़ी व अ़त-त-हू ।   (बुख़ारी, अबू दाऊद, तिरमिज़ी, नसई, अहमद)

''ऐ अल्लाह, ऐ इस कामिल दावत और क़ायम होनेवाली नमाज़ के रब, हज़रत मुहम्मद *(सल्ल०)* को वसीला और फ़ज़ीलत अता कर, और उन्हें मक़ामे महमूद पर फ़ाइज़ कर, जिसका तूने उनसे वादा किया है ।''

नमाज़ में तशह्हुद और दुरूद के बाद

(٢٩) اَللّٰهُمَّ اِنِّیْ اَعُوْذُ بِكَ مِنْ عَذَابِ الْقَبْرِ وَاَعُوْذُ بِكَ مِنْ فِتْنَةِ الْمَسِيْحِ الدَّجَّالِ وَاَعُوْذُ بِكَ مِنْ فِتْنَةِ الْمَحْيَا وَفِتْنَةِ الْمَمَاتِ، اَللّٰهُمَّ اِنِّیْ اَعُوْذُ بِكَ مِنَ الْمَاْثَمِ وَالْمَغْرَمِ. (بخاری مسلم، ابوداؤد، نسائی)

(29) अल्लाहुम-म इन्नी अऊ़ज़ु बि-क मिन अ़ज़ाबिल क़बरि व अऊ़ज़ु बि-क मिन फ़ित-नतिल मसीहिद-दज्जालि व अऊ़ज़ु बि-क मिन फ़ित-नतिल महया व फ़ित-नतिल ममाति। अल्लाहुम-म इन्नी अऊ़ज़ु बि-क मिनल मअ-समि वल मग़-रम।

(बुख़ारी, मुसलिम, अबू दाऊद, नसई)

"ऐ ख़ुदा, मैं तेरी पनाह चाहता हूँ क़ब्र के अज़ाब से, मैं तेरी पनाह चाहता हूँ दज्जाल के फ़ितने से, और तेरी पनाह चाहता हूँ ज़िन्दगी और मौत के फ़ितने से। ऐ ख़ुदा, मैं तेरी पनाह चाहता हूँ गुनाह व क़र्ज़ से।"

(٣٠) اَللّٰهُمَّ اِنِّیْ ظَلَمْتُ نَفْسِیْ ظُلْمًا كَثِيْرًا وَّلَا يَغْفِرُ الذُّنُوْبَ اِلَّا اَنْتَ فَاغْفِرْ لِیْ مَغْفِرَةً مِّنْ عِنْدِكَ وَارْحَمْنِیْ اِنَّكَ اَنْتَ الْغَفُوْرُ الرَّحِيْمُ. ——— (بخاری مسلم، ترمذی، نسائی، احمد، ابن ماجہ)

(30) अल्लाहुम-म इन्नी ज़-लमतु नफ़्सी ज़ुलमन कसीरवँ व ला यग़फ़िरुज़-ज़ुनू-ब इल्ला अन-त फ़ग़फ़िरली मग़फ़ि-र-तम मिन

इ़नदि-क वर-हमनी इन्न-क अनतल ग़फ़ूरुर-रहीम ।

(बुख़ारी, मुसलिम, तिरमिज़ी, नसई, अहमद, इब्ने माजा)

"ऐ अल्लाह, यक़ीनन मैंने अपने आप पर बहुत ज़ुल्म किया है और तेरे सिवा कोई नहीं जो गुनाहों को बख़्शे । तो तू अपनी ओर से मेरी मग़फ़िरत कर और मुझपर रहम कर । यक़ीनन तू बड़ा बख़्शनेवाला, निहायत रहम फ़रमानेवाला है ।"

٣١ اَللّٰهُمَّ اغْفِرْ لِيْ مَا قَدَّمْتُ وَمَآ اَخَّرْتُ وَمَآ اَسْرَرْتُ وَمَآ اَعْلَنْتُ وَمَآ اَسْرَفْتُ وَمَآ اَنْتَ اَعْلَمُ بِهٖ مِنِّيْ اَنْتَ الْمُقَدِّمُ وَاَنْتَ الْمُؤَخِّرُ لَآ اِلٰهَ اِلَّآ اَنْتَ. (مسلم)

(31) अल्लाहुम-मग़फ़िरली मा क़द्-दमतु व मा अख़्ख़रतु व मा अस-रर-तु व मा अअ़लनतु व मा अस-रफ़तु व मा अन-त अअ़-ल-मु बिही मिन्नी अनतल मुक़द्दिमु व अनतल मु-अख़्ख़िरु ला इला-ह-इल्ला अन-त । **(मुसलिम, तिरमिज़ी)**

"ऐ अल्लाह तू उन गुनाहों को माफ़ फ़रमा जो मैंने पहले किए और बाद में किए और छुपाकर किए और खुले तौर पर किए और जो ज़्यादती मुझसे हुई और जिसको तू मुझसे ज़्यादा जानता है । तू ही आगे करनेवाला है और तू ही पीछे करनेवाला है । तेरे सिवा कोई माबूद नहीं ।"

सलाम फेरने के बाद

(٣٢) رَبِّ اَعِنِّیْ عَلٰی ذِکْرِکَ وَشُکْرِکَ وَحُسْنِ عِبَادَتِکَ .

(ابوداؤد، نسائی، احمد)

(32) रब्बि अइन्नी अ़ला ज़िकरि-क व शुकरि-क व हुसनि इ़बादति-क । (अबू दाऊद, नसई, अहमद)

"ऐ रब, मेरी मदद कर तू अपने ज़िक्र, अपने शुक्र और अपनी अच्छी इबादत के सिलसिले में ।"

(٣٣) اَللّٰهُمَّ اَنْتَ السَّلَامُ وَمِنْكَ السَّلَامُ تَبَارَكْتَ يَاذَا الْجَلَالِ وَالْاِكْرَامِ. (مسلم، ابوداؤد، ترمذی، ابن ماجہ، احمد)

(33) अल्लाहुम-म अनतस-सलामु व मिनकस-सलामु तबा-रक-त या ज़ल-जलालि वल इकराम ।

(मुसलिम, अबू दाऊद, तिरमिज़ी, इब्ने माजा, अहमद)

"ऐ अल्लाह, तू सरापा अमन और सलामती है और तुझ ही से अमन और सलामती का फैज़ान है, बरकतवाला है तू—ऐ अज़मत और नवाज़नेवाले।"

(٣٤) لَآ اِلٰهَ اِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهٗ لَا شَرِيْكَ لَهٗ لَهُ الْمُلْكُ وَلَهُ الْحَمْدُ وَهُوَ عَلٰى كُلِّ شَيْءٍ قَدِيْرٌ. لَاحَوْلَ وَلَا قُوَّةَ اِلَّا بِاللّٰهِ لَآ اِلٰهَ

إِلَّا اللّٰهُ وَلَا نَعْبُدُ إِلَّآ إِيَّاهُ لَهُ النِّعْمَةُ وَلَهُ الْفَضْلُ وَلَهُ الثَّنَآءُ الْحَسَنُ لَآ إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ مُخْلِصِيْنَ لَهُ الدِّيْنَ وَلَوْ كَرِهَ الْكٰفِرُوْنَ. ——— (مسلم، ابوداؤد، نسائی، احمد)

(34) ला-इला-ह इल्लल्लाहु वह-दहू ला शरी-क लहू लहुल मुल्कु व लहुल हम्दु व हु-व अ़ला कुल्लि शैइन क़दीर। ला-हौ-ल वला कुव्व-त इल्ला बिल्लाहि ला-इला-ह इल्लल्लाहु व ला नअ़बुदु इल्ला इय्याहु लहुन्ने अ़मतु व लहुल फ़ज़्लु व लहुस सनाउल ह-स-नु ला-इला-ह इल्लल्लाहु मुख़लिसी-न लहुद्-दी-न व लव करिहल काफ़िरून। (मुसलिम, अबू दाऊद, नसई, अहमद)

"नहीं है कोई माबूद सिवाए अल्लाह के जो अकेला है, जिसका कोई शरीक नहीं। उसी के लिए बादशाही है और उसी के लिए तारीफ़ है और वह हर चीज़ पर क़ुदरत रखता है। एक हालत का दूसरी हालत में बदलना और उसकी ताक़त का हासिल होना ख़ुदा की मदद के बग़ैर मुमकिन नहीं। अल्लाह के सिवा कोई माबूद नहीं और हम उसी की इबादत करते हैं। उसी की नेमत है और उसी का फ़ज़्ल और अच्छी तारीफ़ है। अल्लाह के सिवा कोई माबूद नहीं। हमने उसी के लिए दीन को ख़ालिस कर लिया चाहे इनकार करनेवालों (काफ़िरों) को यह नापसन्द ही क्यों न हो।"

(٣٥) اَللّٰهُمَّ إِنِّيْ أَعُوْذُ بِكَ مِنَ الْبُخْلِ وَأَعُوْذُ بِكَ مِنَ الْجُبْنِ وَأَعُوْذُ بِكَ مِنْ أَرْذَلِ الْعُمُرِ وَأَعُوْذُ بِكَ مِنْ فِتْنَةِ الدُّنْيَا وَعَذَابِ الْقَبْرِ. ——— (ابوداؤد، نسائی، احمد)

(35) अल्लाहुम-म इन्नी अऊ़ज़ुबि-क मिनल बुख़लि व अऊ़ज़ु बि-क मिनल जुबनि व अऊ़ज़ु बि-क मिन अर-ज़लिल उ़मुरि व अऊ़ज़ु बि-क मिन फ़ित-नतिद-दुनया व अ़ज़ाबिल क़ब्र ।

(अबू दाऊद, नसई, अहमद)

''ऐ अल्लाह, मैं तेरी पनाह चाहता हूँ बुख़्ल (लालच व कंजूसी) से, और मैं तेरी पनाह चाहता हूँ बुज़दिली से और तेरी पनाह चाहता हूँ नाकारा उम्र से और मैं तेरी पनाह चाहता हूँ दुनिया के फ़ितने और क़ब्र के अज़ाब से ।''

اَللّٰهُمَّ اغْفِرْ لِيْ خَطِيْٓئَتِيْ وَعَمَدِيْ، اَللّٰهُمَّ اهْدِنِيْ لِصَالِحِ الْاَعْمَالِ وَالْاَخْلَاقِ لَا يَهْدِيْ لِصَالِحِهَا وَلَا يَصْرِفُ سَيِّئَهَا اِلَّا اَنْتَ، اَللّٰهُمَّ اِنِّيْٓ اَعُوْذُبِكَ مِنْ عَذَابِ النَّارِ وَعَذَابِ الْقَبْرِ وَمِنْ فِتْنَةِ الْمَحْيَا وَالْمَمَاتِ وَمِنْ شَرِّ الْمَسِيْحِ الدَّجَّالِ. ـــ (مسلم)

(36) अल्लाहुम-मग़ाफ़िरली ख़-त-ई व अ़म-दी अल्लाहुम-मह-दिनी लिसालिहिल अअ़मालि वल-अख़लाक़ि ला यहदी लिसालिहिहा व ला यसरिफ़ु सय्यिअहा इल्ला अन-त । अल्लाहुम-म इन्नी अऊ़ज़ु बि-क मिन अ़ज़ाबिन-नारि व अ़ज़ाबिल- क़बरि व मिन फ़ित-नतिल महया वल ममाति व मिन शर-रिल मसीहिद-दज्जाल । (मुसलिम)

''ऐ अल्लाह, तू मेरी जाने-अनजाने में की गई ख़ताओं को बख़्श दे। ऐ अल्लाह, तू मुझे नेक अमल और अच्छे अख़लाक़ की हिदायत दे। तेरे सिवा कोई नहीं जो नेक कामों की रहनुमाई करे और बुराइयों से फेर सके। ऐ अल्लाह, मैं तेरी पनाह चाहता हूँ आग के अज़ाब और क़ब्र के अज़ाब से और ज़िन्दगी व मौत के फ़ितने और मसीह दज्जाल की बुराई से।''

(٣٧) رَبِّ اَعِنِّیْ وَلَا تُعِنْ عَلَیَّ وَانْصُرْنِیْ وَلَا تَنْصُرْ عَلَیَّ وَامْكُرْلِیْ وَلَا تَمْكُرْ عَلَیَّ وَاهْدِنِیْ وَيَسِّرِ الْهُدٰی لِیْ وَانْصُرْنِیْ عَلٰی مَنْ بَغٰی عَلَیَّ رَبِّ اجْعَلْنِیْ لَكَ شَاكِرًا لَّكَ ذَكَّارًا لَّكَ رَاهِبًا لَّكَ مِطْوَاعًا لَّكَ مُخْبِتًا اِلَيْكَ اَوَّاهًا مُّنِيْبًا رَبِّ تَقَبَّلْ تَوْبَتِیْ وَاغْسِلْ حَوْبَتِیْ وَاَجِبْ دَعْوَتِیْ وَثَبِّتْ حُجَّتِیْ وَسَدِّدْ لِسَانِیْ وَاهْدِ قَلْبِیْ وَاسْلُلْ سَخِيْمَةَ صَدْرِیْ ۔ (ترمذی، ابوداؤد، ابن ماجہ)

(37) रब्बि अ-इ्नी व ला तुइन अ़-लय-य वनसुरनी व ला तनसुर अ़लय-य वमकुरली व ला तमकुर अ़लय-य वहदिनी व यस्सिरिल हुदा ली वनसुरनी अ़ला मम बग़ा अ़लय-य रब्बिज अ़लनी ल-क शकिरल-ल-क ज़िक-रल-ल-क राहिबल-ल-क मितवा अ़ल-ल-क मुख़बितन इलै-क अव-वहम-मुनीबा, रब्बि तक़ब्बल तौबती वग़ा-सिल हौबती व अजिब दअ़वती व सब्बित हुज्जति व सद-दिद लिसानी वहदि क़लबी वसलुल सख़ी-म-त सदरी।

''ऐ रब, तू मेरी मदद कर और मेरे ख़िलाफ़ मदद न कर । और मुझे ग़ालिब कर और मग़लूब (पराजित) मत कर और मेरे हक़ में अपनी तदबीर कर, मेरे ख़िलाफ़ तदबीर न कर । मुझे हिदायत दे और हिदायत को मेरे लिए आसान कर और जो मुझपर ज़ुल्म करते हैं तो उनके मुक़ाबले में मेरी मदद कर । ऐ रब, तू मुझे अपना शुक्रगुज़ार और ज़िक्र करनेवाला बना । और बना मुझे ऐसा कि मैं तुझसे डरनेवाला, तेरा हुक्म माननेवाला, तेरे आगे गिड़गिड़ानेवाला और आजिज़ी के साथ रुजू करनेवाला हो जाऊँ । मेरे रब, मेरी तौबा क़बूल कर, मेरे गुनाह धो और मेरी दुआ क़बूल कर । मेरी दलील को साबित रख, मेरी ज़बान सीधी रख और मेरे दिल की रहनुमाई फ़रमा और मेरे सीना के कीने (हसद-कपट) को निकाल दे ।''

٣٨ اَللّٰهُمَّ انْفَعْنِيْ بِمَا عَلَّمْتَنِيْ وَعَلِّمْنِيْ مَا يَنْفَعُنِيْ وَزِدْنِيْ عِلْمًا، اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ عَلٰى كُلِّ حَالٍ وَّاَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنْ حَالِ اَهْلِ النَّارِ. (ترمذی، ابن ماجہ)

(38) अल्लाहुम्-मन फ़-अ-नी बिमा अ़ल्लम-तनी व अ़ल- लिमनी मा यन-फ़-उ़नी व ज़िदनी इ़लमन, अलहम्दु लिल्लाहि अ़ला कुल्लि हालिवँ व अऊ़ज़ुबिल्लाहि मिन हालि अहलिन-नार । (तिरमिज़ी, इब्ने माजा)

''ऐ अल्लाह, तूने मुझे जो कुछ सिखाया है उसे मेरे लिए फ़ायदेमंद बना और मुझे वह कुछ सिखा जो मेरे लिए फ़ायदेमंद साबित हो और मेरे इल्म में इज़ाफ़ा कर । तारीफ़ अल्लाह ही की है हर हाल में और मैं अल्लाह की पनाह चाहता हूँ जहन्नमवालों के हाल से बचने के लिए ।''

(٣٩) اَللّٰهُمَّ طَهِّرْ قَلْبِيْ مِنَ النِّفَاقِ وَعَمَلِيْ مِنَ الرِّيَآءِ وَلِسَانِيْ مِنَ الْكَذِبِ وَعَيْنِيْ مِنَ الْخِيَانَةِ فَاِنَّكَ تَعْلَمُ خَآئِنَةَ الْاَعْيُنِ وَمَا تُخْفِي الصُّدُوْرُ، اَللّٰهُمَّ اجْعَلْ سَرِيْرَتِيْ خَيْرًا مِّنْ عَلَانِيَتِيْ وَاجْعَلْ عَلَانِيَتِيْ صَالِحَةً، اَللّٰهُمَّ اِنِّيْ اَسْئَلُكَ مِنْ صَالِحِ مَا تُؤْتِي النَّاسَ مِنَ الْاَهْلِ وَالْمَالِ وَالْوَلَدِ غَيْرِ الضَّآلِّ وَالْمُضِلِّ سُبْحَانَ رَبِّكَ رَبِّ الْعِزَّةِ عَمَّا يَصِفُوْنَ، وَسَلَامٌ عَلَى الْمُرْسَلِيْنَ، وَالْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعٰلَمِيْنَ. ——— (بیہقی، ترمذی)

(39) अल्लाहुम-म तह-हिर क़लबी मिनन-निफ़ाक़ि व अ़-म-ली मिनर रियाइ व लिसानी मिनल कज़िबि व ऐनी मिनल ख़ियानति फ़इन-न-क तअ़-ल-मु ख़ाई-न-तल अअ़युनि व मा तुख़फ़िस सुदूर, अल्ला- हुम-मजअ़ल सरी-र-ती ख़ैरम-मिन अ़लानियती वज-अ़ल अ़लानियती सालि-ह-तन, अल्लाहुम-म इन्नी अस-अलु-क मिन सालिहिम मातू-तिन ना-स मिनल अहलि वलमालि वल व-ल-दि ग़ैरिज़्-ज़ाल्लि वल मुज़िललि सुबहा-न रब्बि-क रब्बिल इ़ज़्ज़ति अ़म्मा यसिफ़ू-न, व सलामुन अ़-लल मुर-सली-न, वल-हम्दु लिल्लाहि रब्बिल आ़-लमीन।

(बैहक़ी, तिरमिज़ी)

"ऐ अल्लाह, तू पाक कर दे मेरे दिल को कपट से, मेरे अमल को दिखावे से, मेरी ज़बान को झूठ से और मेरी आँख को धोखा देने

से, क्योंकि तू जानता है आँखों के धोखे को और जो कुछ सीनों में छुपा होता है उसे भी । ऐ अल्लाह, तू मेरे बातिन (अन्तर) को मेरे ज़ाहिर (बाह्य) से बेहतर कर दे, और मेरे ज़ाहिर को अच्छा कर दे । ऐ अल्लाह, मैं माँगता हूँ तुझ से बेहतर वह जो तू लोगों को देता है यानी खानदान, माल और औलाद जो गुमराह और गुमराह करनेवाली न हो । सबसे बड़ा है तू इज़्ज़तवाला रब उससे जो कुछ ये (कुफ़्र व शिर्क करनेवाले) बयान करते हैं । और सलाम हो रसूलों पर और सारी तारीफ़ सारे जहाँ के रब के लिए है ।''

(40) اَللّٰهُمَّ اِنِّیْٓ اَسْئَلُكَ الْعَفْوَ وَالْعَافِيَةَ. ———— (ترمذی)

(40) अल्लाहुम-म इन्नी अस-अलु-कल अ़फ़-व वल अ़ाफ़ियह । (तिरमिज़ी)

''ऐ अल्लाह, मैं तुझसे माफ़ी और आफ़ियत का चाहनेवाला हूँ।''

(41) رَبِّ اِنِّیْٓ اَسْئَلُكَ الْعَافِيَةَ وَالْمُعَافَاةَ فِی الدُّنْيَا وَالْاٰخِرَةِ.

———— (ابن ماجہ)

(41) रब्बि इन्नी अस-अलुकल अ़ाफ़ि-य-त वल मुअ़ा-फ़ा-त फ़िद-दुनया वल आख़िरह । (इब्ने माजा)

''ऐ मेरे रब, मैं तुझसे दुनिया और आख़िरत में आफ़ियत और सलामती का चाहनेवाला हूँ ।''

(42) اَللّٰهُمَّ اقْسِمْ لَنَا مِنْ خَشْيَتِكَ مَا تَحُوْلُ بِهٖ بَيْنَنَا وَبَيْنَ مَعَاصِيْكَ وَمِنْ طَاعَتِكَ مَا تُبَلِّغُنَا بِهٖ جَنَّتَكَ وَمِنَ الْيَقِيْنِ

مَا تُهَوِّنُ بِهٖ عَلَيْنَا مَصَآئِبَ الدُّنْيَا وَمَتِّعْنَا بِاَسْمَاعِنَا وَاَبْصَارِنَا
وَقُوَّتِنَا مَآ اَحْيَيْتَنَا وَاجْعَلْهُ الْوَارِثَ مِنَّا وَاجْعَلْ ثَارَنَا عَلٰى مَنْ
ظَلَمَنَا وَانْصُرْنَا عَلٰى مَنْ عَادَانَا وَلَا تَجْعَلْ مُصِيْبَتَنَا فِىْ دِيْنِنَا
وَلَا تَجْعَلِ الدُّنْيَآ اَكْبَرَ هَمِّنَا وَلَا مَبْلَغَ عِلْمِنَا وَلَا غَايَةَ رَغْبَتِنَا
وَلَا تُسَلِّطْ عَلَيْنَا مَنْ لَّا يَرْحَمُنَا ۔ ________ (ترمذی)

(42) अल्लाहुम-म अक़्सिम लना मिन ख़श-य-ति-क मा तहूलु बिही बै-नना व बै-न मआसी-क व मिन ताअति-क मा तुबललिगुना बिही जन-न-त-क व मिनल यक़ीनि मा तुहवविनु बिही अ़लैना मसाइबद- दुनया व मततिएना बि असमाइना व अबसारिना व कुव्वतिना मा अह्ययतना वजअ़लहुल वारि-स मिन्ना वजअ़ल सा-रना अ़ला मन ज़-ल-मना वनसुरना अ़ला मन आ़दाना व ला तजअ़ल मुसी-ब-त-ना फ़ी दीनिना व ला तजअ़लिद-दुनया अक-ब-र हम्म-मिना व ला मब-ल-ग़ इलमिना व ला ग़ा-य-त रग़-बतिना व ला तुसल-लित अ़लैना मल-ला यर-हमुना।

(तिरमिज़ी)

" ऐ अल्लाह, तू हमें अपना इतना ख़ौफ़ अता कर जो हमारे और तेरी नाफ़रमानियों के बीच आड़ हो जाए और अपनी इतनी बन्दगी की तौफ़ीक़ अता कर जिसके ज़रिए से तू हमें अपनी जन्नत में पहुँचा दे और इतना यक़ीन अता कर जिससे तू हमारे लिए दुनिया की मुसीबतों

को हेच (तुच्छ) कर दे । और जब तक तू हमें ज़िन्दा रख हमारे कानों, हमारी आँखों और हमारी ताक़त को हमारे लिए कारआमद (उपयोगी) रख । और हमारे बाद हर एक के ख़ैर को बाक़ी रख और हमारे ज़ालिमों से हमारा इंतिक़ाम ले और हमारे दुशमनों के मुक़ाबले में हमारी मदद कर । और हमारे लिए जो मुसीबत क़िस्मत में है, उसको हमारे दीन पर असरअंदाज न होने दे और दुनिया को हमारी सबसे बड़ी फ़िक्र (चिन्ता) न बना । उसे हमारे इल्म की पहुँच की आखिरी हद और हमारी आरज़ू का आखिरी नुक़ता ही क़रार दे । और हमारे ऊपर किसी ऐसे शख़्स को ज़िम्मेदार न बना जो हमारे साथ रहम का मामला न करे ।''

(٢٣) اَللّٰهُمَّ بِعِلْمِكَ الْغَيْبَ وَقُدْرَتِكَ عَلَى الْخَلْقِ اَحْيِنِيْ مَا عَلِمْتَ الْحَيٰوةَ خَيْرًا لِّيْ وَتَوَفَّنِيْ اِذَا عَلِمْتَ الْوَفَاةَ خَيْرًا لِّيْ ، اَللّٰهُمَّ وَاَسْئَلُكَ خَشْيَتَكَ فِي الْغَيْبِ وَالشَّهَادَةِ وَاَسْئَلُكَ كَلِمَةَ الْحَقِّ فِي الرِّضَا وَالْغَضَبِ وَاَسْئَلُكَ الْقَصْدَ فِي الْفَقْرِ وَالْغِنٰى وَ اَسْئَلُكَ نَعِيْمًا لَّا يَنْفَدُ وَاَسْئَلُكَ قُرَّةَ عَيْنٍ لَّا تَنْقَطِعُ وَاَسْئَلُكَ الرِّضَآءَ بَعْدَ الْقَضَآءِ وَاَسْئَلُكَ بَرْدَ الْعَيْشِ بَعْدَ الْمَوْتِ وَاَسْئَلُكَ لَذَّةَ النَّظَرِ اِلٰى وَجْهِكَ وَالشَّوْقَ اِلٰى لِقَآئِكَ فِيْ غَيْرِ ضَرَّآءَ مُضِرَّةٍ وَّلَا فِتْنَةٍ مُّضِلَّةٍ ، اَللّٰهُمَّ زَيِّنَّا بِزِيْنَةِ الْاِيْمَانِ وَاجْعَلْنَا هُدَاةً مُّهْتَدِيْنَ . ______ (نسائی)

(43) अल्लाहुम-म बि इ़लमि-कल ग़ै-ब व क़ुद-रति-क अ़लल ख़लक़ि अह-यिनी मा अ़लिमतल-हया-त ख़ैरल-ली व तवफ़्फ़नी इ़ज़ा अ़लिम-तल वफ़ा-त ख़ैरल-ली, अल्लाहुम-म व अस-अलु-क ख़श-य- त-क फ़िल ग़ैबि वश-शहादति व अस-अलु-क कलि-मतल हक़्क़ि फ़िर-रिज़ा वल ग़-ज़बि व अस-अलुकल क़स-द फ़िल-फ़क़रि वलग़िना व अस-अलु-क नईमल-ला यन-फ़दु व अस-अलु-क क़ुर-र-त ऐनिल ला तन-क़तिउ़ व अस-अलु-कर-रिज़ा-अ बअ़दल क़ज़ाइ व अस-अलु-क बर-दल ऐ़शि बअ़दल मौति व अस-अलु-क लज़्ज़-ज़-तन-न-ज़-रि इला वजहि-क वश-शौ-क़ इला लिक़ाइ-क क़ी ग़ैरि ज़र-रा-अ मुज़िर- रतिवँ व ला फ़ित-नतिम मुज़िल-लतिन, अल्लाहुम-म ज़य-यन्ना बिज़ी-नतिल ईमानि वजअ़लना हुदा-त महदिय्यीन । **(नसई)**

